विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (वीवा)

सभी के लिए व्यवहारिक आध्यात्मिकता

मैं गृहस्थ या सन्यासी में कोई भेद नहीं करता। जहाँ भी मैं महानता, हृदय की विशालता और पवित्रता देखूँगा, मेरा सिर सम्मान में हमेशा झुका रहेगा।

स्वामी विवेकानंद

गुरुग्राम के लिए अच्छी ख़बर

गुरुग्राम के हलचल भरे शहर में यह सब कुछ है - प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ, संपन्न व्यवसाय, पर्यावरण के प्रति जागरूक सामाजिक कार्यकर्ता, संपन्न निवासी। पर इसके साथ ही है निराशा, तनाव, बेरोजगारी, अलगाव और बढ़ता अपराध। शहर को जो चाहिए वह है संतुलन - इस संतुलन को लाने का सबसे अच्छा तरीका है निवासियों में उद्देश्य की भावना जगाना ताकि वे उत्तरदायित्व पूर्ण विकल्प चुन सकें और दूसरों के प्रति सहानुभूति से स्वयं की भलाई में योगदान कर सकें। नवंबर माह के प्रारम्भ में, गुरुग्राम में रामकृष्ण मिशन का एक नया आश्रम स्थापित किया गया है और इसी परिसर में विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (वीवा) स्थित है, जो मुख्य रूप से उन लोगों की आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करेगा जो अपने वास्तविक स्वरूप को समझकर कर्म योग का अभ्यास करना चाहते हैं। हम सभी साधकों को शामिल करना एवं जिज्ञासा की भावना को प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

स्वामी शांतात्मानंद की क़लम से

प्रिय बहनों और भाइयों,

आप में से बहुत से लोग जानते होंगे कि स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन की पूरे विश्व में २०० से अधिक शाखाएँ हैं और इसका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में है। भिक्षुक गण, इस मिशन के माध्यम से, आप जैसे जागरूक नागरिकों के साथ १२५ वर्षों से भी अधिक समय से मानवता की सेवा के लिए, मुख्य रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह घोषणा करना हमारे लिए सम्मान की बात है कि इस महीने गुरुग्राम में एक नया केंद्र खोला गया है और इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आप सभी का स्वागत है। इस समाचार पत्रिका के माध्यम से, हम आपको नव स्थापित विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (वीवा) द्वारा किए जा रहे कुछ मूल्य-आधारित कार्यक्रमों से परिचित करा रहे हैं। यह केवल शुरुआत है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारी इन सेवाओं से हरियाणा और अन्य जगहों के लोगों को लाभ पहुँचेगा। प्रत्येक व्यक्ति को सावधानी एवं उत्तरदायित्व पूर्ण चुनाव करके स्वयं का जीवन निर्वाह करने में सक्षम बनाना हमारा उद्देश्य रहेगा। हम अपनी क्षमताओं को जीकर अपने भाग्य का निर्माण स्वयं कर सकते हैं - यह चुनाव करना हमारे अपने हाथ में है। यह जानने के लिए कि आप इस केंद्र से कैसे लाभान्वित हो सकते हैं, हम आपको केंद्र आकर हमारे कर्मियों से मिलने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम साथ मिलकर धरती पर एक खुशहाल, संपूर्ण जीवन का सह-निर्माण कर सकते हैं।
गुरुग्राम के बाहर रहने वाले लोग ई-मेल के माध्यम से हमसे संपर्क कर सकते हैं। (कृपया नीचे दिये गये संपर्क विवरण को देखें)

सेवा में

२ नवंबर २०२२ को वीवा के उद्घाटन समारोह के दौरान हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर के भाषण से -

रामकृष्ण मिशन द्वारा मानव-निर्माण के रचनात्मक कार्य का जब तक सभी के द्वारा उत्साहपूर्वक पालन नहीं किया जाता, तब तक देश तेजी से प्रगति नहीं कर सकता।

विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (वीवा)
पार्क अस्पताल रोड, सेक्टर ४७, गुरुग्राम, १२२०१८
viva.valueseducation@gmail.com

विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (वीवा)

सभी के लिए व्यवहारिक आध्यात्मिकता

वीवा की पहल

कार्यक्रम	जागरूक नागरिक कार्यक्रम (एसीपी)	जागृति (२०२१ से)	सामुदायिक परिवर्तन के लिए जागरूक राजदूत (२०२१ से)	विवेक- शक्ति (२०२२ से)	अराइज़ (२०२२ से)	कार्यरत पेशेवर (२०२२ से)
हितधारक	(२०१४ से) माध्यमिक विद्यालय के छात्र	प्राथमिक विद्यालय के छात्र	एसीपी स्नातक	एसीपी प्रशिक्षित शिक्षक	अभिभावक	कार्यरत पेशेवर
पहुँच	१२,००,०००+ ३५,०००+ शिक्षक ६,०००+ स्कूल	४०,०००+	८४०+	२७०	११००+	२००+

हमारी टीम

भारत भर में स्थित ९० स्वयं-सेवक और अनुभवी व प्रतिबद्ध संसाधन व्यक्ति वीवा टीम का हिस्सा हैं। मानवीय क्षमताओं को जगाने वाले पाठ्यक्रम एवं कार्यक्रम के सह निर्माण के लिए पाठक (ऑन-लाइन अथवा प्रत्यक्ष) हमसे संपर्क कर सकते हैं । हम वरिष्ठ नागरिकों, गृहणियों, छात्रों और अन्य लक्षित समूहों के लिए आवश्यकता के आधार पर विशेष कार्यक्रम बनाने की योजना बना रहे हैं। यदि आप मानवता की सेवा के माध्यम से स्वयं के आंतरिक विकास को सुनिश्चित करने के बारे में अधिक जानने में रुचि रखते हैं तो कृपया हमसे संपर्क करें।

स्वामी शांतात्मानंद से पूछें

इस खंड के लिए, हम अपने पाठकों को आमंत्रित करते हैं कि वे जीवन के संबंध में कोई भी आध्यात्मिक जिज्ञासा अथवा प्रश्न भेजें, जिसके लिए वे संघर्ष कर रहे हैं। एकत्रित किये गए सभी प्रश्नों में से कुछ चुने हुए प्रश्नों का जवाब विशिष्ट रूप से हमारी समाचार पत्रिका के माध्यम से दिया जाएगा।

पाठकों के भाग

हम अपने पाठकों को नीचे दी गई तस्वीर पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित करते हैं । कृपया अपने ई-मेल इस शीर्षक 'पाठकों के भाग का जवाब' के साथ भेंजे।

विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (वीवा)
पार्क अस्पताल रोड, सेक्टर ४७ , गुरुग्राम, १२२०१८
viva.valueseducation@gmail.com